**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 18.07.2026 समय : 0705

<><><><><>

1. द्वीपों के उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी, ने कल परिवहन विभाग की तीन नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
2. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित 'अखिल भारतीय मीडिया सम्मेलन' में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा लोकतंत्र में मीडिया सबसे महत्वपूर्ण हितधारक है।
3. कला एवं संस्कृति निदेशालय कल 'ओडिसी नृत्य की बुनियादी अवधारणाएं और अभ्यास' विषय पर कार्यशाला का आयोजन करेगा।
4. बिडनाबाद में कल निःशुल्क बहु–विशेषज्ञता स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा।

<><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी, ने कल लोक निवास में परिवहन विभाग द्वारा मंगाई जा रही कुल 17 बसों में से तीन नई बसों की पहली खेप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इन तीन बसों को मध्योत्तर अंडमान जिले में सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को और मजबूत करने तथा बसों की कमी को दूर करने के लिए रंगत, मायाबंदर और डिगलीपुर की राज्य परिवहन सेवा इकाइयों में तैनात किया जाएगा। चरणबद्ध खरीद योजना के तहत, अगले सप्ताह के भीतर छह और नई बसें आने की उम्मीद है, जबकि शेष आठ बसें इस महीने के अंत तक मिलने की उम्मीद है।

<><><><><>

नई दिल्ली के द्वारका स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित 'अखिल भारतीय मीडिया सम्मेलन' में सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 350 से अधिक मीडिया पेशेवरों को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य मीडिया के साथ एक मजबूत साझेदारी बनाना और पत्रकारों को देश की चुनावी प्रक्रियाओं की बेहतर समझ से लैस करना है। मीडिया को लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण हितधारक बताते हुए उन्होंने पत्रकारों से सटीक, जिम्मेदार और तथ्य–आधारित चुनावी रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने में निर्वाचन आयोग के साथ भागीदारी करने का आग्रह किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने जनवरी माह में शुरू किए गए आयोग के एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म 'एसीनेट' और विशेष गहन पुनरीक्षण पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे बताया कि देश भर में मतदाता सूचियों के निरंतर अद्यतनीकरण और सत्यापन में लगभग 12 लाख बूथ स्तर के अधिकारी और 15 लाख बूथ स्तर के एजेंट लगे हुए हैं।

<><><><><>

द्वीपसमूह के दौरे पर आए गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. शांताकुमार, महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, मुंबई के कुलपति प्रो. (डॉ.) दिलीप उके, हिमाचल प्रदेश नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, शिमला की कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रीति सक्सेना और उनके साथ आए जीएनएलयू के रजिस्ट्रार एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज हॉस्टल एलुमनाई एसोसिएशन की कार्यकारी समिति के सदस्य डॉ. नितिन मलिक ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी से शिष्टाचार भेंट की। यह सभी पदाधिकारी 'कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज' की आमसभा की बैठक के सिलसिले में द्वीप समूह के दौरे पर हैं।

<><><><><>

सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रहे उन दावों को गलत बताया है जिनमें कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक निवेश प्लेटफ़ॉर्म को बढ़ावा दे रहे हैं। इन दावों में कहा गया है कि 22 हज़ार रुपये के शुरुआती निवेश पर नागरिकों को हर महीने 25 लाख रुपये की कमाई की गारंटी दी जा रही है। पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने कहा है कि यह वीडियो फर्जी है और इसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए तैयार किया गया है।

<><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस 'नशामुक्त अंडमान निकोबार द्वीपसमूह' के दृष्टिकोण को साकार करने और युवाओं को नशीली दवाओं के दुरूपयोग तथा अवैध तस्करी के खतरे से बचाने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चला रही है। इस संबंध में, विभाग ने द्वीपसमूह से प्रकाशित होने वाले सभी

समाचार पत्रों से जनसेवा संदेश के रूप में अपने प्रत्येक संस्करण के 'इयर पैनल' या 'फुट नोट' में नशा विरोधी जागरूकता नारा प्रकाशित करने का अनुरोध किया है। संदेश में मानस, राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन –1933 और एंटी–नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन के समर्पित मोबाइल नंबरों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति निदेशालय, उत्कल समाज के सहयोग से कल चिन्मय मिशन में 'ओडिसी नृत्य की बुनियादी अवधारणाएं और अभ्यास' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करेगा। कार्यशाला सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को ओडिसी नृत्य की मौलिक अवधारणाओं, तकनीकों, सौंदर्यशास्त्र और अभिव्यंजक तत्वों से परिचित कराना है। इसमें छात्र, नर्तक, शिक्षाविद, सांस्कृतिक संगठन शामिल हो सकते हैं। ओडिसी भारत के आठ शास्त्रीय नृत्य रूपों में से एक है जो अपनी भव्यता, लयात्मक गति और समृद्ध अभिव्यंजक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी उत्कल समाज से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

सेवा भारती द्वारा नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से, कल सुबह साढ़े नौ बजे से गाराचारमा जिला अस्पताल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बिडनाबाद में निःशुल्क बहु–विशेषज्ञता स्वास्थ्य शिविर  आयोजित किया जाएगा। इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। सभी जरूरतमंद मरीजों से इस अवसर का लाभ उठाने को कहा गया है।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से तीन दिवसीय 'द्वीप मानसून खाद्य एवं संस्कृति महोत्सव–2026' का दूसरा संस्करण कल प्रदर्शनी मैदान में शुरू हुआ। इस महोत्सव का उद्घाटन प्रशासन की आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव ने मुख्य प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने स्टालों का दौरा किया। महोत्सव में कृषि, जनजातीय कल्याण, उद्योग, मत्स्य, समाज कल्याण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, ग्रामीण विकास, पुलिस और श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने भी स्टॉल लगाए हैं, जो अपने प्रमुख कार्यक्रमों, जनकल्याणकारी सेवाओं को प्रदर्शित कर रहे हैं। कल तक चलने वाला यह महोत्सव शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक जारी है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियमन, 2026 के प्रारूप अधिसूचना को हितधारकों से दावे, आपत्तियां और टिप्पणियां, आमंत्रित करने के लिए प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। दावे, आपत्तियां या टिप्पणियां इस प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से दस दिनों के भीतर सहायक सचिव (उच्च शिक्षा) के पास जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2026 सत्र के लिए सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों में नए प्रवेश तथा पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी है। इच्छुक विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><>

**डेली टेलीग्राम्स** ने निर्वाचन आयोग द्वारा अखिल भारतीय मीडिया सम्मेलन आयोजित कर निर्वाचन प्रक्रिया में मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डालने के समाचार को अपनी बड़ी खबर बनाई है। **द्वीप समाचार** ने इस खबर के अलावा उप–राज्यपाल द्वारा परिवहन विभाग की तीन नई बसों के प्रथम जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के समाचार को प्रमुखता दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रशासन के विभिन्न पदों में भर्ती के आवेदन की तिथि बढ़ाए जाने की मांग के समाचार को **अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी** में जगह मिली है। **इंफो इंडिया** ने कदमतला क्षेत्र में अनियमित बिजली सप्लाई को देखते हुए निवासियों द्वारा एनएच–4 जाम करने की घोषणा के समाचार को जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने डॉलीगंज चौक पर बाइक रेस के दौरान एक महिला के घायल होने के समाचार को प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>